- सैलानियों की भीड़, पर्यटन में आई नई जान
- बर्फ की चादर से ढका गुलमर्ग बना स्वर्ग
- चीड़ के जंगलों में बर्फ से निखरा सौंदर्य



# गुलमर्ग में बर्फबारी से सर्दी की दस्तक

**गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर. 07 अक्टूबर.** विश्वप्रसिद्ध हिल स्टेशन गुलमर्ग ने सोमवार को सीजन की पहली बर्फबारी का स्वागत किया. बारामूला जिले में स्थित इस लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर सुबह-सुबह हुई हल्की से मध्यम बर्फबारी ने घाटी के सौंदर्य को नया रूप दे दिया. कंगडोर और आसपास के खुले मैदान, चीड़ के जंगल, घरों की छतें और रास्ते सफेद बर्फ की चादर में लिपटे नजर आए. उत्तर कश्मीर की वादियों में बर्फ की पहली गिरावट के साथ गुलमर्ग ने सर्दियों का स्वागत किया. हल्की से मध्यम बर्फबारी ने जैसे ही कंगडोर की वादियों को सफेद चादर में ढका, वैसे ही यहां पहुंचे पर्यटकों के चेहरों पर मुस्कान खिल गई. मौसम की इस अद्भुत करवट ने न केवल घाटी को जैसे दृश्य में बदल दिया, बल्कि स्थानीय पर्यटन कारोबार में भी नई ऊर्जा भर दी.

देश-विदेश से आए पर्यटक इस अप्रत्याशित मौसम बदलाव से रोमांचित हो उठे. कुछ के लिए यह पहली बर्फबारी का अनुभव था, जो उनके लिए किसी सपने से कम नहीं रहा. बच्चों ने बर्फ में खेलते हुए स्नोमैन बनाए, जबकि अन्य पर्यटक गुलमर्ग गोंडोला की सवारी कर बर्फ से ढकी अफरावत चोटी का विहंगम दृश्य देखने पहुंचे. पर्यटकों की भीड़ से गुलमर्ग के कैफे, होटल और गाइड सेवाएं गुलजार हो उठीं. खासकर 'कोलाहोई पैनोरमा कैफे' पर्यटकों का मुख्य आकर्षण बना, जहां लोग गर्म चाय के साथ बर्फबारी का आनंद ले रहे थे. बर्फीले वातावरण में यह कैफे गर्मजोशी और सुकून का ठिकाना बन गया. स्थानीय व्यापारियों और गाइड्स ने इस बर्फबारी को शुभ संकेत बताया है. उनका मानना है कि इस बार स्की सीज़न जल्दी शुरू होगा, जिससे कारोबार में तेजी आएगी.

# सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्ष

## प्रधानमंत्री मोदी ने जताया लोगों का आभार

**नयी दिल्ली, 07 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के प्रमुख के रूप में अपनी सेवा के 25वें वर्ष में प्रवेश करते हुए देश के लोगों का आभार व्यक्त किया है. गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 2001 में आज ही के दिन शपथ लेने के वक्त को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सौंपी गई थी.**

उस वर्ष राज्य भीषण भूकंप से जूझ रहा था और उससे पहले के वर्षों में राज्य को एक महाचक्रवात, लगातार सूखा और राजनीतिक अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा था. इन चुनौतियों ने मुझे लोगों की सेवा करने और नए उत्साह और आशा के साथ गुजरात के पुनर्निर्माण के संकल्प को और मज़बूत किया. प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए सदैव कार्य करने और कभी रिश्वत न लेने की मां की सलाह को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते समय याद किया. उनकी मां ने कहा था कि सदैव गरीबों के लिए कार्य करना और कभी रिश्वत नहीं लेनी चाहिए.



श्री मोदी ने लोगों को भरोसा दिलाया था कि वह जो भी करेंगे, वह नेक इरादे से और कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के भाव से प्रेरित होगा. गुजरात में अपने कार्यकाल पर विचार करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि उस समय लोगों को लग रहा था कि राज्य फिर कभी उन्नति नहीं कर पाएगा. किसान बिजली और पानी की कमी की शिकायत कर रहे थे, कृषि मंदी की चपेट में थी और औद्योगिक विकास ठप था.

**मोदी का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र, जनसेवा को समर्पित**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार में रह कर जनसेवा करते हुए 24 साल के जीवन को राष्ट्र और जनसेवा के प्रति समर्पित बताया. शाह ने सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री मोदी का 24 वर्षों सार्वजनिक जीवन राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित है.

देश की जनता ने उनके गठबंधन को प्रचंड बहुमत और उनकी पार्टी को पूर्ण बहुमत दिया जिससे नए विश्वास और उद्देश्य के युग का सूत्रपात हुआ. पिछले 11 वर्षों में देश कई महत्वपूर्ण परिवर्तनों का साक्षी बना है और 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है और भारत प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरा है. देश की जनता के निरंतर विश्वास और स्नेह के लिए आभार दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की सेवा करना सर्वोच्च सम्मान है.

# केजरीवाल को मिला नया बंगला

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. दिल्ली की राजनीति में एक बार फिर ठिकानों को लेकर हलचल मची है. आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आखिरकार नया सरकारी बंगला मिल गया है.**

कोर्ट की सख्ती और केंद्र सरकार पर बढ़ते दबाव के बाद, उन्हें लोधी एस्टेट के वीआईपी इलाके में बंगला नंबर 95 आवंटित किया गया है. अब केजरीवाल देश की राजधानी के पॉश और राजनीतिक रूप से अहम ठिकाने में शिफ्ट होंगे, जहां उनके पड़ोसी होंगे कांग्रेस सांसद शशि थरूर. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आखिरकार नया सरकारी बंगला मिल गया है. 95, लोधी एस्टेट स्थित यह बंगला केंद्र सरकार ने उन्हें आवंटित किया है.

इस कदम से पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने आवास आवंटन में हो रही देरी को लेकर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की थी. इससे पहले केजरीवाल ने 35 लोधी एस्टेट में मायावती द्वारा खाली किए गए बंगले की मांग की थी, लेकिन उसे एक केंद्रीय राज्य मंत्री को दे दिया गया.



**अब जनता नहीं डरेगी-केजरीवाल का तीखा वार**

पणजी, 07 अक्टूबर. गोवा की खस्ताहाल सड़कों को लेकर राजनीति तेज हो गई है. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत पर निशाना साधा है. उन्होंने जनता की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि अब गोवा की जनता अपनी ताकत पहचान रही है और सरकार को मजबूर कर रही है काम करने के लिए. इस बयान के जरिए केजरीवाल ने नेतृत्व पर भी परोक्ष वार किया. गोवा में सड़कों की खस्ता हालत अब सियासी मुद्दा बन चुकी है.

## वीडियो सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर नोटिस

**नयी दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने भाजपा की असम शाखा द्वारा कथित तौर पर पोस्ट किए गए एक आपत्तिजनक वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किया. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पत्रकार कुर्बान अली और पूर्व न्यायाधीश अंजना प्रकाश की एक लंबित रिट याचिका में दायर एक आवेदन पर विचार करने का फैसला किया, जो घृणास्पद भाषण से संबंधित है. उक्त वीडियो में कथित तौर पर मुसलमानों को खुलेआम बदनाम करने का आरोप लगाया गया था. आवेदकों की ओर से पेश अधिवक्ता निजाम पाशा ने पीठ के समक्ष तर्क दिया.

# जम्मू-कश्मीर के आपदा प्रभावित को मिली राहत

- पीएम-किसान की 21वीं किस्त अग्रिम जारी
- 8.55 लाख किसानों के खातों में सम्मान निधि जमा

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर 2025, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के बाढ़ व भूस्खलन प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त अग्रिम जारी की.**

इस सादे समारोह में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी,



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, वहीं जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े. आज की किस्त के तहत लगभग 8.55 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 171 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए, जिनमें 85,418 महिला किसान शामिल हैं. जम्मू-कश्मीर के किसानों को पीएम-किसान के तहत अब तक कुल 4,052 करोड़ रु. की सहायता दी जा चुकी है. इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाढ़ और अन्य आपदा से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के किसानों के साथ केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है.

## 3.66 लाख वोटर्स की जानकारी दे ईसी : सुको

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी कोर्ट को दे. चुनाव आयोग ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें से अब तक किसी ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को गुरुवार यानी नौ अक्टूबर तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को सौंपनी होगी, क्योंकि उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई होगी.

## एक नजर में



### चेन्नई लौट रही एयर इंडिया फ्लाइट को बर्ड हिट, रद्द

**चेन्नई.** एयर इंडिया की कोलंबो चेन्नई फ्लाइट मंगलवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान एक बर्ड स्ट्राइक की शिकार हो गई, जिसमें फ्लाइट के इंजन ब्लेड को नुकसान पहुंचा. एक मामूली बर्ड हिट ने 158 यात्रियों की यात्रा पर ब्रेक लगा दिया. एयर इंडिया की कोलंबो से चेन्नई आने वाली फ्लाइट सुरक्षित लैंड तो कर गई, लेकिन इंजन पर पड़े असर ने फ्लाइट को ग्राउंडेड कर दिया. इसके चलते रिटर्न फ्लाइट रद्द करनी पड़ी और यात्रियों को वैकल्पिक विमान से रवाना किया गया. फ्लाइट में 158 यात्री सवार थे, जो सुरक्षित रूप से उतार लिए गए. किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई.

### कफ सिरप' मामले में सुको में याचिका

**नयी दिल्ली.** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित तौर पर 'दूषित कफ सिरप' सेवन से कई बच्चों की मौत के मामले की अदालत की निगरानी में स्वतंत्र जांच और देश के दवा सुरक्षा ढांचे में व्यापक बदलाव की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गयी है. अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया गया है. याचिका में कहा गया है कि यदि शीर्ष अदालत यह आयोग या समिति गठित करती है तो वह डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) युक्त 'दूषित कफ सिरप' के निर्माण, परीक्षण और वितरण की गहन स्वतंत्र जांच करने में सक्षम होगी.

### पंजाब में कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध

**चंडीगढ़.** प्रदेश में 14 बच्चों की मौत के बाद पंजाब ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप की ब्रिकी और इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है. पंजाब के खाद्य एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त आयुक्त ने सरकारी विश्लेषक, औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्य प्रदेश द्वारा चार अक्टूबर 2025 की परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार कोल्ड्रिफ सिरप औषधि को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं घोषित किया गया है.

# मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने दी हरी झंडी

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ में चार बड़ी मल्टी ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है. इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 24,634 करोड़ रुपए है और इनका निर्माण 2030-31 तक पूरा होने की उम्मीद है. इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर की वृद्धि होगी.**




सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्धा-भुसावल तीसरी और चौथी लाइन (314 किमी, महाराष्ट्र), गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी लाइन (84 किमी, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़), वडोदरा-रतलाम तीसरी और चौथी लाइन (259 किमी, गुजरात और मध्य प्रदेश), और इटारसी-भोपाल-बीना चौथी लाइन (237 किमी, मध्य प्रदेश) शामिल हैं.

इन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से रेल लाइन की क्षमता में वृद्धि होगी, भीड़भाड़ कम होगी और संचालन की दक्षता व सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा. यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की जनता को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना है. ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत हैं.

## आज का इतिहास

1769- कैप्टन जेम्स कुक न्यूजीलैंड पॉवर्टी बे पहुंचे.
1769- कैप्टन कुक ने न्यूज़ीलैंड में कदम रखा.
1821- जनरल जोस डी सैन मार्टिन की सरकार ने पेरू नौसेना की स्थापना की.
1856- द्वितीय अफीम युद्ध ब्रिटेन और चीन के बीच शुरू हुआ.
1860- एल एंड एसएफ के बीच टेलीग्राफ लाइन शुरू की गई.
1932- भारतीय वायुसेना का गठन.
1936-प्रसिद्ध हिन्दी लेखक एवं उपन्यासकार प्रेमचंद का निधन हुआ.



# युद्ध की परिभाषा बदल रहा है नवाचार : राजनाथ

- टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते कदम

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर कहा कि आने वाले समय में युद्ध पारंपरिक हथियारों से नहीं, बल्कि एल्गोरिदम, ड्रोन, एआई और लेजर आधारित प्रणालियों से लड़े जाएंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि टेक्नोलॉजी अब केवल सहायता नहीं बल्कि निर्णायक भूमिका में आ गई है.**

विज्ञान भवन में आयोजित रक्षा नवाचार संवाद~ द्धष्ठश्वङ्ग स्टार्टअप्स के साथ बातचीत% कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमें तकनीक में नकलची या अनुयायी नहीं, बल्कि दुनिया के लिए निर्माता और मानक निर्धारक बनना होगा. उन्होंने युवाओं और स्टार्टअप्स से आह्वान किया कि वे युद्ध की नई परिभाषा गढ़ने वाली तकनीकों को विकसित करें और पारंपरिक समाधानों से आगे सोचें. रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर रक्षा टेक्नोलॉजी विकसित करनी चाहिए जो परंपरा और नवाचार दोनों का संगम हो.

**जहां टेक्नोलॉजी की कमी है वहां स्वदेशी समाधान लाएं**

उन्होंने कहा, जहां टेक्नोलॉजी की कमी है वहां स्वदेशी समाधान लाएं, और जहां अत्याधुनिक नवाचार की ज़रूरत हो, वहां स्टार्टअप्स आगे आएं. उन्होंने बताया कि रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण की दिशा में प्रभावशाली प्रगति हुई है. 2021-22 में 74,000 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण की तुलना में 2024-25 तक यह आंकड़ा 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. उन्होंने इसे 'आत्मनिर्भर भारत की ओर मानसिकता में बदलाव' बताया. राजनाथ सिंह ने राज्यों से आग्रह किया कि वे रक्षा इकोसिस्टम को मज़बूत करने के लिए नई सोच और योजनाएं लेकर आगे आएं. यदि इच्छाशक्ति, नीति और संकल्प है, तो रक्षा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं.

## उत्तरी ज़ाम्बिया में सोने की खदान ढहने से चार की मौत

**लुसाका.** उत्तरी जाम्बिया के शिवांगंडु जलि में एक सोने की खदान ढहने से चार अवैध खनिकों की मौत हो गई. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस जनसंपर्क अधिकारी राय हमोंगा ने बताया कि न्यू सीन गोल्ड माइन की एक खदान की दीवार रविवार दोपहर उस समय ढह गई जब चारों लोग हाथ से सोना निकाल रहे थे. अधिकारी ने फेसबुक पर एक बयान में कहा कि शवों को निकालने के तुरंत प्रयास किए गए, लेकिन दुर्भाग्य से, जब तक बचाव दल वहाँ पहुँचे, तब तक चारों की मौत हो चुकी थी.

# हिमाचल में बस पर गिरे पहाड़ के पत्थर

**हादसे में 15 लोगों की मौत**

**बिलासपुर 07 अक्टूबर. बरठी के पास देश शाम पहाड़ से कई पत्थर मलबे के साथ बस पर गिरे हैं. इस हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है. कई अभी भी मलबे में दबे हुए हैं. पुलिस और स्थानीय लोग मिलकर रेस्क्यू कर रहे हैं, घायलों को पास के अस्पताल भी ले जाया गया है.**

बताया जा रहा है कि बिलासपुर जिले के बरठी के पास एक बस 30 यात्रियों के साथ जा रही थी. तभी पहाड़ से पत्थर गिरने लगे और



काफी मलबा भी नीचे गिरा. कई पत्थर सीधे बस की छत पर गिरे और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसा इतना दर्दनाक रहा कि कई लोग उस पहाड़ी मलबे में दब गए. अब तक 15 शव बाहर निकाले गए हैं. हादसे के तुरंत बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई थी, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी जारी किए हैं.

# मोदी ने स्थापित किए सुशासन और गरीब कल्याण के नए आयाम

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 24 साल पूरे होने पर कहा कि वह बिना थके, बिना रुके सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नए आयाम स्थापित करते हुए भारत के निर्माण के प्रति समर्पित भाव से काम कर रहे हैं.**

प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज संवैधानिक प्रमुख के रूप में 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं. 24 साल पहले उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा की शपथ ली थी और आज तक प्रधानमंत्री के तौर पर ये क्रम जारी



है. उन्होंने कहा कि मोदी बिना थके, बिना रुके सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नए आयाम स्थापित करने के साथ-साथ नए भारत के निर्माण के प्रति समर्पित भाव से काम कर रहे हैं. आज देश के गरीब, किसान, युवा और महिला सभी वर्गों का समग्र विकास हो रहा है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब तक 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं.


**घोषणा** ये तीनों वैज्ञानिक अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं

# भौतिक विज्ञान के तीन वैज्ञानिकों को नोबेल पुरस्कार

- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने स्टॉकहोम में कहा-

**स्टॉकहोम, 07 अक्टूबर. भौतिक विज्ञान के लिए इस साल का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों जॉन क्लार्क, मिशेल देवरे और जॉन एम मार्टिनिस को दिये जाने की घोषणा की गयी है. ये तीनों वैज्ञानिक अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं.**

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने स्टॉकहोम में मंगलवार को यह घोषणा करते



जॉन क्लार्क



माइकल एच डेवोरेट



जॉन एम मार्टिनिस

हुए बताया कि तीनों वैज्ञानिकों को फॉर द डिस्कवरी ऑफ़ मैक्रोस्कोपिक क्वांटम मेकैनिकल टनलिंग एंड एनर्जी क्वांटाइजेशन इन एन इलेक्ट्रिक सर्किट के लिए इस साल का पुरस्कार दिया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि जॉन क्लार्क ने 1968 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी की थी और मिशेल एच देवरे 1982 में पेरिस विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के बाद अमेरिका के येल विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में पढ़ा रहे हैं. जॉन एम. मार्टिनिस ने 1987 में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से पीएचडी की थी.

# पछतावा नहीं, रिएक्शन था

**राकेश किशोर का बयान**

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर. सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश कर सुर्खियों में आए वकील राकेश किशोर अपनी पहली प्रतिक्रिया में अपने कृत्य को न केवल सही ठहराया, बल्कि कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है.**

बातचीत में उन्होंने दावा किया कि ये सिर्फ रिएक्शन था और अहिंसक विरोध का प्रतीक था. उनकी प्रतिक्रिया में कोर्ट की कार्यवाही, धार्मिक संदर्भ और न्यायिक रुख को लेकर गंभीर आरोप शामिल हैं. सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले निलंबित वकील राकेश किशोर ने इस सनसनीखेज कृत्य को लेकर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है. दिए बयान में किशोर ने कहा, मुझे कोई पछतावा नहीं है. पहले एक याचिकाकर्ता का मज़ाक उड़ाया, और मेरा यह कदम उसका जवाब था. किशोर का कहना है कि वह पीआईएल में उठाए गए मुद्दों को लेकर गंभीर थे, लेकिन कोर्ट द्वारा दिए गए एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी ने उन्हें आहत किया.

उन्होंने कहा, अगर राहत नहीं देनी थी, तो मत दीजिए. मगर उसका मजाक उड़ाना किसी मुख्य न्यायाधीश को शोभा नहीं देता. उन्होंने इस घटना को रिएक्शन बताते हुए कहा कि यह निर्णय उन्होंने भावनात्मक और वैचारिक आहत होने पर लिया.